G

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2002–23
विषय – सामाजिक विज्ञान

समय: 2.30 घण्टा **कक्षा – 10** **पूर्णांक–70**

निर्देश–
1. यह प्रश्न पत्र दो खण्डों अ एवं ब में विभाजित है।
2. खण्ड अ में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रश्नों के उत्तर ओ.एम.आर. पर देने है।
3. खण्ड ब 50 अंकों का है। इसमें वर्णनात्मक 1, वर्णनात्मक 2 एवं मानचित्र संबंधी प्रश्न है।

खण्ड अ

बहुविकल्पीय प्रश्न 20

1. सामाजिक समझौता नामक पुस्तक का लेखक कौन था –
(क) रूसो (ख) मॉन्टेस्क्यू
(ग) नेकर (घ) दिदरो
2. राष्ट्रवाद का प्रारम्भ जिस देश से हुआ है वह है–
(क) जर्मनी (ख) इटली
(ग) फ्रांस (घ) इंग्लैण्ड

www.modelpaper.info & gyansindhuclasses.com

3. 13 अप्रेल 1919ई. को कौन सी महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना हुई थी –
(क) काकोरी कांड (ख) जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड
(ग) भारत छोड़ो आन्दोलन (घ) असहयोग आन्दोलन
4. भारत वापस आने पर गांधी जी ने पहला सत्याग्रह कहां किया था –
(क) चम्पारन (ख) बारदोली
(ग) अहमदाबाद (घ) खेड़ा
5. आनन्द मठ उपन्यास के लेखक कौन थे –
(क) बंकिमचन्द्र चटर्जी (ख) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(ग) शरत चन्द्र चटर्जी (घ) सुभाष चन्द्र बोस
6. जैविक संसाधन में निम्न में से कौन शामिल है–
(क) पशु (ख) वन
(ग) मनुष्य (घ) सभी
7. चीता को भारत में कब लुप्तप्राय घोषित किया गया था –
(क) 1952 ई. (ख) 1964 ई.
(ग) 1972 ई. (घ) 1984 ई.
8. चिपको आन्दोलन संबंधित है–
(क) मृदा संरक्षण (ख) वन संरक्षण
(ग) जल संरक्षण (घ) वायु संरक्षण

कृ.प.प.

9. भारत का सबसे ऊंचा बांध निम्न में से कौन सा है–
(क) भाखड़ा नागल बांध (ख) रिहन्द बांध
(ग) दामोदर घाटी परियोजना (घ) इनमें से कोई नहीं

10. निम्न में से कौन सी एक रेशेदास फसल है–
(क) चाय (ख) गन्ना
(ग) जूट (घ) रबर

11. श्रीलंका कब एक स्वतंत्र राष्ट्र बना –
(क) 1946 ई. (ख) 1947 ई.
(ग) 1948 ई. (घ) 1949 ई.

12. संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाओं को मान्यता दी गई है–
(क) 20 (ख) 21
(ग) 22 (घ) 23

13. निम्नलिखित में से कौन सा शासन का अंग नहीं है–
(क) कार्यपालिका (ख) नगरपालिका
(ग) न्यायपालिका (घ) विधायिका

14. अमेरिका में नागरिक अधिकार आन्दोलन किसके नेतृत्व में चलाए गए थे–
(क) अब्राहम लिंकन (ख) मार्टिन लूथर किंग
(ग) पीटर नार्मन (घ) टॉमी स्मिथ

www.modelpaper.info & gyansindhuclasses.com

15. भारत में पंचायती राज्य की स्थापना हुई थी –
(क) 1980 में (ख) 1990 में
(ग) 1992 में (घ) 2004 में

16. एक वस्तु का अधिकांशतः प्राकृतिक प्रक्रिया से उत्पादन कहा जाता है–
(क) प्राथमिक क्षेत्रक (ख) द्वितीयक क्षेत्रक
(ग) तृतीयक क्षेत्रक (घ) सूचना प्रौद्योगिकी

17. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजकार गारंटी अधिनियम किस वर्ष लागू हुआ–
(क) 2004 (ख) 2005
(ग) 2006 (घ) 2007

18. भारत के किस राज्य में शिशु मृत्यु दर निम्नतम है–
(क) केरल (ख) बिहार
(ग) पंजाब (घ) हरियाणा

19. निम्न में से कौन सी संस्था देशों को ऋण प्रदान करती है–
(क) विश्व बैंक (ख) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(ग) संयुक्त राष्ट्र संघ (घ) यू.एन.डी.पी.

20. निम्न में से किस राज्य की प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है-
(क) हरियाणा (ख) विहार
(ग) राजस्थान (घ) मेघालय

खण्ड व

वर्णनात्मक – 1 (उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए) 16

1. फ्रांसीसी क्रान्ति में दार्शनिकों का योगदान बताइए।

अथवा

खूनी रविवार की घटना के वारे में लिखिए।

2. मृदा अपरदन क्या है ? इसके दो कारण लिखिए।

अथवा

चिपको आन्दोलन के बारे में संक्षेप में लिखिए।

3. सत्ता की साझेदारी के महत्व को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

देश में स्थानीय सरकारों के महत्व का वर्णन कीजिए।

4. एक विकसित देश की क्या विशेषताऐं होती है।

अथवा

आर्थिक तथा अनार्थिक क्रियाओं में अंतर बताइए।

वर्णनात्मक – 2 (उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए) 24

www.modelpaper.info & gyansindhuclasses.com

5. इटली के एकीकरण पर प्रकाश डालिए।

अथवा

दांडी मार्च का वर्णन कीजिए।

6. मानव हेतु संसाधन की आवश्यकता क्यों है।

अथवा

नदी घाटी परियोजना को बहुउद्देशीय परियोजनाऐं क्यों कहा जाता है।

7. संघवाद क्या है ? इसकी प्रमुख विशेषताऐं बताइए।

अथवा

लोकतांत्रिक शासन प्रणाली क्या है ? इसके कोई चार लाभ लिखिए।

8. पर्यावरण प्रदूषण के कारण वताइए।

अथवा

अल्प बेरोजगारी किसे कहते है। इसे कैसे दूर किया जा सकता है।

9. मानचित्र संबंधी प्रश्न –
(क) निम्नलिखित स्थानों को भारत के मानचित्र में चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइए। 5
(1) वह स्थान जहां जलियांवाला वाग हत्याकाण्ड हुआ।
(2) वह स्थान जहां कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन हुआ।

(3) वह स्थान जहां उत्तर प्रदेश की राजधानी है।

(4) वह स्थान जहां महात्मा गांधी जी ने नमक सत्याग्रह किया।

(5) वह स्थान जहां चन्द्रशेखर आजाद शहीद हुए।

(ख) दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए।

(1) चिलका झील Δ चिन्ह द्वारा दर्शाइये।

(2) कार्बेट नेशनल पार्क ▬▬▬ चिन्ह द्वारा दर्शाइये।

(3) अभ्रक उत्पादन क्षेत्र +++ चिन्ह द्वारा दर्शाइये।

(4) इलाहाबाद मुम्बई रेलमार्ग #### चिन्ह द्वारा दर्शाइये।

(5) हीराकुंड बांध ●●● चिन्ह द्वारा दर्शाइये।

www.modelpaper.info & gyansindhuclasses.com